पत्र संख्याः-एम-4-22/2022..12900..../वि०

बिहार सरकार

वित्त विभाग

प्रेषक,

**रचना पाटिल**, भा०प्र०से०
सचिव (व्यय) ।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी**, पटना ।
**कोषागार पदाधिकारी**,
सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना ।

पटना-15, दिनांक..15/12/2025......

**विषयः-** **पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माह दिसम्बर, 2025 के वेतनादि के भुगतान के सम्बन्ध में ।**

**प्रसंगः-** **महानिबंधक, पटना उच्च न्यायालय, पटना का पत्रांक-102553 दिनांक-12.12.2025**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा पटना उच्च न्यायालय में दिनांक-25.12.2025 से 31.12.2025 तक क्रिसमस का अवकाश निर्धारित रहने के कारण माननीय न्यायाधीशों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माह दिसंबर के वेतन का भुगतान 25 दिसंबर 2025 से पहले (22-23 दिसंबर 2025) करने का अनुरोध किया गया है ।

2. विदित हो कि स्थापना विपत्र से वेतन की निकासी के मामलों में मासिक वेतन का भुगतान संबंधित माह के अंतिम कार्य दिवस पर अनुमान्य होता है । स्वतः निकासी के लिए सक्षम पदाधिकारी के वेतन की निकासी भी अगले माह की प्रथम तिथि को अनुमान्य होती है ।

3. सम्यक विचारोपरांत पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माह दिसम्बर के वेतन का भुगतान 22 दिसंबर 2025 से करने का निर्णय लिया गया है, जो बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम-141 में निहित प्रावधानों से आच्छादित है ।

4. अतएव अनुरोध है कि राज्य सरकार के उक्त निर्णय के अनुपालन में पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माह दिसम्बर के वेतनादि का भुगतान 22 दिसंबर, 2025 से सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन

19.12.25
(रचना पाटिल)
सचिव (व्यय) ।

ज्ञापांकः-एम-4-22/2022-12900..../वि०, पटना-15, दिनांक 19/12/2025

**प्रतिलिपिः**-महालेखाकार(ले0 एवं ह0), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

19.12.25
सचिव (व्यय) ।

ज्ञापांकः-एम-4-22/2022-12900/वि०, पटना-15, दिनांक 19/12/2025

प्रतिलिपिः-महानिबंधक, पटना उच्च न्यायालय, पटना को उनके पत्रांक-102553 दिनांक-12.12.2025 के प्रसंग में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

19.12.25

सचिव (व्यय) ।

ज्ञापांकः-एम-4-22/2022 12900/वि०, पटना-15, दिनांक 19/12/2025

प्रतिलिपिः-मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, दक्षिणी गाँधी मैदान, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

19.12.25

सचिव (व्यय) ।

ज्ञापांकः-एम-4-22/2022-12900/वि०, पटना-15, दिनांक 19/12/2025

प्रतिलिपिः-मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य कार्यालय पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

19.12.25

सचिव (व्यय) ।

ज्ञापांकः-एम-4-22/2022-12900/वि०, पटना-15, दिनांक 19/12/2025

प्रतिलिपिः-HRMS प्रभारी, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी, सामान्य प्रशासन विभाग/प्रभारी TCS/सिस्टम एनालिस्ट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को वित्त विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

19.12.25

सचिव (व्यय) ।